# BIHAR SPONGE IRON LIMITED.

REGISTERED OFFICE & PLANT : UMESH NAGAR, CHANDIL-832401, DISTT. SARAIKELA - KHARSAWAN, JHARKHAND
PHONE (EPABX) : 06591-232410, 232417, Fax : 06591-232412
E-mail : bsilchandil@gmail.com / Web : bsil.org.in, CIN : L27106JH1982PLC001633

**BSIL/CS/SE/2017** **14th September, 2017**

**The General Manager**
Listing Centre
BSE Limited
P J Towers, Dalal Street,
MUMBAI- 400 001

**SUB: NEWSPAPER PUBLICATIONS OF UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE FIRST QUARTER ENDED ON 30TH JUNE, 2017.**
**SCRIP CODE: 500058**

Dear Sir / Ma'am,

Pursuant to Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with SEBI circular CIR/CFD/CMD/4/2015 dated 9th September, 2015, please find enclosed here with the Newspaper Publication of Un-Audited Financial Results for the first quarter ended on 30th June, 2017 published on 14th September, 2017 in the English National Daily Newspaper "The Financial Express" circulating in the whole or substantially whole of India and in the Daily Hindi Newspaper "Naya India" published in the language of the region, where the registered office of the company is situated.

The above is for your information and record.

Thanking you,

Yours faithfully,

For **BIHAR SPONGE IRON LTD.**

**SHUBHANGI VARSHNEY**
**(COMPANY SECRETARY)**
**[M. No.- A43431]**

विश्व समाचार / कूटनीति

## सार समाचार

### तीन यात्री अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे

**बायकोनूर।** अमेरिका के दो और रूस के एक अंतरिक्ष यात्री पांच महीने के अभियान पर आज अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पहुंचे। वे कजाखस्तान में बायकोनूर कोस्मोड्रोम से रवाना हुए थे। रूस की रोसकोस्मोस अंतरिक्ष एजेंसी ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में बताया कि सोयूज एमएस-06 अंतरिक्ष यान भारतीय समयानुसार सुबह 8 बजकर 25 मिनट पर सफलतापूर्वक आईएसएस पहुंचा। रूसी एजेंसी के अलेक्सांद्र मिसुर्किन और नासा के मार्क वैंदे हेइ तथा उनके अनुभवी सहकर्मी जोए अकाबा को ले जाने वाले सोयूज एमएस-06 रॉकेट का स्थानीय समयानुसार आज सुबह 3:17 बजे बायकोनूर से प्रक्षेपित किया गया था। इन अंतरिक्ष यात्रियों को आईएसएस में इटली के पाओलो नेस्पोली, रूस के सर्गेइ रियाजांस्की और अमेरिका के रैंडी ब्रेस्निक का साथ मिलेगा। जून 2010 के बाद यह पहला मौका है जब अमेरिका के दो अंतरिक्ष यात्री रूस के बायकोनूर से एक अभियान पर एक साथ अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन रवाना हुए हैं।

### हलीमा याकूब बनी सिंगापुर की राष्ट्रपति

**सिंगापुर।** सिंगापुर के संसद की पूर्व अध्यक्ष हलीमा याकूब आज देश की पहली महिला राष्ट्रपति बन गयीं। निर्वाचन अधिकारी की ओर से उनके इकलौते योग्य उम्मीदवार होने की घोषणा के बाद उन्हें राष्ट्रपति चुन लिया गया। सिंगापुर में इस बार राष्ट्रपति का पद अल्पसंख्यक मलय समुदाय के उम्मीदवार के लिए आरक्षित था। संसद के अध्यक्ष के तौर पर अपने अनुभव के कारण सुश्री याकूब अपने आप राष्ट्रपति पद के नामांकन के नियमों के तहत योग्य साबित हो गयीं। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद सुश्री याकूब ने कहा, "यह हालांकि एक आरक्षित चुनाव था लेकिन मैं आरक्षित राष्ट्रपति नहीं हूं। मैं हर किसी की राष्ट्रपति हूं। " उनसे पहले देश के आखिरी मलय राष्ट्रपति युसूफ ईशाक थे जिनकी तस्वीर देश के नोटों पर है। वह 1965 से 1970 के दौरान राष्ट्रपति रहे। निर्वाचन विभाग ने इस सप्ताह की शुरुआत में बताया था कि राष्ट्रपति पद के लिए जिन अन्य चार लोगों ने आवेदन दिया था उनमें से दो मलय नहीं थे और दो ने योग्यता प्रमाण पत्र जमा नहीं कराया था।

# संयुक्त राष्ट्र का प्रतिबंध उकसाने वाला

## उत्तर कोरिया ने प्योंगयांग पर लगाए प्रतिबंधों को गंभीर रूप से उत्तेजक और आर्थिक नाकेबंदी करार दिया।

**सियोल** ■ आईएएनएस

उत्तर कोरिया ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा प्योंगयांग पर लगाए प्रतिबंधों को गंभीर रूप से उत्तेजक और आर्थिक नाकेबंदी करार दिया है। 'एफे' की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय ने कहा कि नए प्रतिबंध गंभीर रूप से उत्तेजक हैं, जिनका उद्देश्य देश को आत्मरक्षा के अपने वैध अधिकार से वंचित करना और आर्थिक नाकेबंदी कर देश और उसके लोगों को चोट पहुंचाना है।

समाचार एजेंसी 'केसीएनए' द्वारा प्रकाशित बयान में स्पष्ट रूप से इन प्रतिबंधों को खारिज करते हुए कहा गया कि वह परमाणु हथियार कार्यक्रम के उत्तर कोरिया के संकल्प को मजबूती से आगे बढ़ाएंगे और इस लड़ाई के खत्म न होने तक इसमें कोई नरमी नहीं दिखाएंगे।

बयान में यह भी कहा गया है कि वह देश की सार्वभौमिकता और अस्तित्व के अधिकार की सुरक्षा के लिए अपनी ताकत बढ़ाने का दोगुना प्रयास करेंगे। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने लगातार परमाणु परीक्षणों के खिलाफ सोमवार को सर्वसम्मति से उत्तरी कोरिया की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के लिए नए प्रतिबंधों को मंजूरी दी है, जिसमें प्योंगयांग के पेट्रोलियम के आयात को सीमित करना और इसके वस्त्र निर्यात पर प्रतिबंध लगाना शामिल है।

### उ.कोरिया और लीबिया पर बैठक के लिए टिलरसन लंदन रवाना

**वाशिंगटन, वार्ता।** अमेरिका के विदेश मंत्री रेक्स टिलरसन उत्तर कोरिया और लीबिया से जुड़े मसलों पर चर्चा के लिए आज आयोजित होने वाली बैठक में हिस्सा लेने के लिए लंदन जा रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार ब्रिटेन की मेजबानी में आयोजित इस दो दिवसीय बैठक में उत्तर कोरिया और लीबिया से संबंधित विभिन्न मामलों पर चर्चा की जाएगी। श्री टिलरसन लंदन में ब्रिटेन के विदेश मंत्री बोरिस जॉनसन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्क सेडविल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री इस दौरान अपने समकक्षों के साथ उत्तर कोरिया से संबंधित विभिन्न मामलों पर चर्चा करेंगे। उत्तर कोरिया के मिसाइल एवं परमाणु कार्यक्रम को वैश्विक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जा रहा है। वे इस दौरान उत्तर कोरिया पर दबाव बनाने को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे। श्री टिलरसन लीबिया को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासचिव द्वारा नियुक्त विशेष प्रतिनिधि गासन सलामे से भी मुलाकात करेंगे। गौरतलब है कि उत्तर कोरिया ने गत तीन सितंबर को अपना छठा और सबसे शक्तिशाली परमाणु परीक्षण किया है।

### उत्तर कोरियाई सरकार का तख्ता पलटने नहीं देंगे चीन और रूस

**बीजिंग।** चीन के एक विशेषज्ञ ने कहा कि चीन और रूस, अमेरिका को कडे प्रतिबंध लगाकर उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की सरकार का तख्ता पलटने नहीं देंगे। इन प्रतिबंधों से उनके राष्ट्रीय हित प्रभावित होंगे और क्षेत्रीय कूटनीतिक संतुलन को खतरा पैदा होगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को अमेरिका द्वारा रखे गए एक प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया जिसमें उत्तर कोरिया पर अब तक के सबसे कडे प्रतिबंध लागू किए गए हैं। चीन के सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स ने लियाओनिंग एकेडमी ऑफ सोशल साइंसेज में कोरियन स्टडीज पर चीनी विशेषज्ञ लू चाओ के हवाले से कहा, अमेरिका और उसके सहयोगी देश जापान तथा दक्षिण कोरिया, उत्तर कोरिया को रोकना चाहते हैं और आर्थिक तथा सैन्य दबाव के जरिए उसकी सरकार को पलटना चाहते हैं लेकिन ऐसा नहीं होगा क्योंकि चीन और रूस इसे स्वीकार नहीं करेंगे क्योंकि इससे उनके राष्ट्रीय हित प्रभावित होंगे तथा क्षेत्रीय कूटनीतिक संतुलन को खतरा पैदा होगा। चीन-उत्तर कोरिया सीमा से प्राप्त रिपोर्टरें के अनुसार, चीन ने किसी भी आशंका के लिए अपने सैनिकों को तैयार रखा है और यहां तक कि उसने विभिन्न परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए अभ्यास भी किए हैं। उत्तर कोरिया के परमाणु परीक्षणों की आलोचना करने के बावजूद चीन उसे अपना करीबी सहयोगी मानता है। उत्तर कोरिया के हाइड्रोजन बम परीक्षण के बाद उस पर लगाए गए ताजा प्रतिबंधों पर प्रतिक्रिया देते हुए लू ने कहा, उत्तर कोरिया को तेल का निर्यात करीब 40 फीसदी तक गिरेगा जो उसकी ऊर्जा की आपूर्ति के लिए एक बडा झटका है।

### हथियार कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का संकल्प

**सोल, एएफपी।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से लगाए गये ताजा प्रतिबंधों को दुष्टतापूर्ण बताते हुए उत्तर कोरिया ने अपने हथियार कार्यक्रम को और आगे बढाने का संकल्प किया है।

देश की सरकारी संवाद समिति केसीएनए की ओर से प्रकाशित उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है, अमेरिका की ओर से लाये गये अवैध और दुष्टतापूर्ण प्रतिबंधों वाले प्रस्ताव को मंजूरी मिलना, डीपीआरके (उत्तर कोरिया) के लिए इसकी पुष्टि करने का और एक अवसर है कि उसके द्वारा चुना गया रास्ता सही है।

मंत्रालय ने बयान में कहा है, डीपीआरके देश की सम्प्रभुता और अस्तित्व के अधिकार को सुरक्षित रखने की क्षमता बढाने के अपने प्रयासों को दोगुना करेगा।


प्योंगयोंग की ओर से किये गए छठे परमाणु परीक्षण के बाद उसपर लगाए गए ताजा प्रतिबंधों में उत्तर कोरिया को कपडा निर्यात करने और तेल उत्पादों की खेप भेजने पर रोक लगा दी गई है।

अमेरिका की ओर से पेश प्रतिबंधों के प्रस्ताव को सोमवार को मंजूरी मिली थी।

### ब्रिटेन में दाऊद की 40 हजार करोड़ की सम्पत्ति जब्त

**लंदन** ■ एजेंसियां/डेस्क

मुम्बई में वर्ष 1993 में हुए सिलसिलेवार बम धमाके के मुख्य आरोपी दाऊद इब्राहिम की ब्रिटेन में 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सम्पति जब्त कर ली गयी है। भारतीय मूल का दाऊद इब्राहिम वार्विकशायर शहर में एक होटल के अलावा मिडलैंड्स क्षेत्र में अन्य आवासीय सम्पत्तियों का मालिक है। जब्त की गयी सम्पत्ति की कीमत लगभग 40 हजार करोड़ रुपये बतायी जा रही है। एक पुलिसकर्मी के बेटे दाऊद ने पांच महाद्वीपों के 16 देशों में डी कम्पनी नाम से अपना अवैध कारोबार फैला रखा है। दाऊद का अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठन



अलकायदा से सम्बन्ध है। ब्रिटेन के वित्त विभाग की सूची के मुताबिक दाऊद ने 21 अलग-अलग नामों से यहां 6.7 अरब डॉलर की संपत्ति अर्जित कर रखी है। भारतीय जांच दल ने दाऊद की संपत्ति की पहचान करने और उसे जब्त करने में मदद के लिए वर्ष 2015 में मिडलैंड्स का दौरा किया था।

### गश्त में शामिल होने के लिए तैयार है पाकिस्तान

**इस्लामाबाद** ■ एजेंसियां/डेस्क

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहिद अब्बासी ने कहा है कि उनका देश सीमा पर आतंकवादियों से निपटने के लिए अफगानिस्तान के साथ संयुक्त गश्ती दल बनाना चाहता है। अब्बासी का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा आतंकवादियों को सुरक्षित पनाहगाह देने के लिए पाकिस्तान की आलोचना के कुछ वक्त बाद आया है।

अब्बासी ने कहा कि पाकिस्तान अफगान मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। अब्बासी ने कहा, ''हम (अफगानिस्तान से सटी सीमा पर ) संयुक्त गश्त के लिये तैयार हैं।'' अब्बासी ने अफगानिस्तान के साथ



2,600 किलोमीटर लंबी सीमा पर बाड़ लगाने का भी उल्लेख किया, जिसका काम पहले ही शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा, ''हम वहां(अपनी सीमा पर) बाड़ लगा देंगे।अफगानों का उनकी सीमा पर बाड़ लगाने के लिए स्वागत है।''

उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सीमा पार करके आने वालों की द्विपक्षीय जांच के लिये पाकिस्तान एक संयुक्त गश्ती दल गठित करने के लिए तैयार है। उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान में अस्थिरता के कारण पाकिस्तान को बड़े पैमाने पर नुकसान उठाना पड़ा है और उसका मानना है कि अफगानिस्तान के संघर्ष का समाधान अफगानिस्तान के नेतृत्व एवं उसके स्वामित्व वाला होना चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान में आतंकवादियों के पनाहगाह होने संबंधी आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि इस्लामाबाद आतंकवाद को समाप्त करने के लिए लड़ रहा था। उन्होंने दावा किया कि आतंकवादी वास्तव में अफगानिस्तान में हैं और पाकिस्तान में हमले करते हैं।

अब्बासी ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका के साथ काम करने के लिए तैयार है और दोनों पक्षों को इस मुद्दे पर किसी भी चिंता को बातचीत के जरिए हल करना चाहिये। उन्होंने कहा कि अमेरिका-पाकिस्तान के संबंध 70 साल से ज्यादा पुराने हैं और इसे अफगानिस्तान के माध्यम से परिभाषित नहीं किया जाना चाहिए। अब्बासी ने एक सवाल जवाब में कहा, कि पाकिस्तान को अमेरिका से कोई विशेष अनुरोध नहीं मिला है और यदि उनके साथ कोई सूचना साझा की जाती है, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, ''हम अन्य देशों की संप्रभुता का सम्मान करते हैं और उनसे भी ऐसी ही उम्मीद करते हैं।''

कारपोरेट हलचल / कंपनियां / बैंक

### सेंसेक्स में मामूली बढ़त, निफ्टी नुकसान में

**मुंबई** ■ भाषा

वैश्विक स्तर से मिले मिश्रित संकेतों के बीच लगभग पूरे दिन अच्छी मजबूती में रहने के बाद आखिरी डेढ़ घंटे में हुई बिकवाली से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी चार दिन की गिरावट खोता हुआ आज 13.75 अंक फिसलकर 10,079.30 अंक पर बंद हुआ।बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स भी अंतिम डेढ़ घंटे के बिकवाली से दबाव में आ गया। हालाँकि, यह अंततः गत दिवस के मुकाबले 27.75 अंक चढ़कर 07 अगस्त के बाद के उच्चतम स्तर 32,186.41 अंक पर बंद होने में कामयाब रहा।

सेंसेक्स को हरे निशान में रखने का श्रेय सनफार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और डॉ. रेड्डीज लैब जैसी दिग्गज कंपनियों को जाता है जिनके शेयर क्रमशः चार, तीन और दो प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। आईटीसी में सबसे बड़ी दो प्रतिशत से



अधिक की गिरावट दर्ज की गयी।

बीएसई के समूहों में सबसे ज्यादा एक प्रतिशत से अधिक की तेजी स्वास्थ्य में रही। सबसे ज्यादा गिरावट तेल एवं प्राकृतिक गैस समूह में रही।

सेंसेक्स 30.29 अंक की तेजी में 32,188.95 अंक पर खुला। हालाँकि, खुलते ही यह कुछ मिनटों के लिए लाल निशान में भी उतरा, लेकिन इसके बाद इसमें मजबूत बढ़त देखी गयी। दोपहर बाद एक समय यह 32,348.30 अंक के दिवस के उच्चतम स्तर तक पहुँच गया। लेकिन, इसके बाद बाजार में मुनाफावसूली हावी हो गयी जिससे कारोबार की समाप्ति से पहले सूचकांक 32,126.77 अंक के दिवस के निचले स्तर तक भी उतरा। कारोबार की समाप्ति पर यह गत दिवस के मुकाबले 0.09 प्रतिशत यानी 27.75 अंक चढ़कर 32,186.41 अंक पर रहा।

निफ्टी की शुरुआत भी 6.20 अंक की तेजी के साथ 10,099.25 अंक पर हुई। कारोबार के दौरान 10,131.95 अंक के दिवस के उच्चतम और 10,063.15 अंक के न्यूनतम स्तर को छूता हुआ कारोबार की समाप्ति पर यह 0.14 प्रतिशत यानी 13.75 अंक लुढ़ककर 10,079.30 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों पर दबाव रहा। बीएसई का मिडकैप 0.69 प्रतिशत और स्मॉलकैप 0.59 प्रतिशत फिसलकर क्रमशः 15,926.70 अंक और 16,519.56 अंक पर आ गया। बीएसई में कुल 2,765 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,595 के शेयर हरे तथा 1,009 के लाल निशान में बंद हुये जबकि 161 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### सात और भाषाओं में गूगल ट्रांसलेट

**नई दिल्ली, भाषा।** प्रमुख सर्च इंजन गूगल ने अपने अनुवाद एप गूगल ट्रांसलेट में बंगाली व उर्दू सहित सात और भारतीय भाषाओं के लिए आफलाइन व चित्रों से तत्काल अनुवाद की सुविधा आज शुरू की। कंपनी ने जिन और भारतीय भाषाओं के लिए गूगल ट्रांसलेट एप में उक्त सेवाएं शुरू की है उनमें बंगाली, गुजराती, कन्नड, मराठी, तमिल, तेलुगु व उर्दू है। एंड्रायड व आईओएस स्मार्टफोन में इस एप का उपयोग किया जा सकेगा। यह सुविधा आफलाइन भी रहेगी यानी फोन में इंटरनेट नहीं होने पर भी यह फीचर काम करेगा हालांकि सम्बद्ध भाषा का पैक डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट की जरूरत होगी। कंपनी के प्रवक्ता का कहना है कि उसकी यह पहल और अधिक भारतीय भारतीयों को अपनी भाषा में सूचनाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की उसकी प्रतिबद्धता को दिखाता है।

## बिजनेस सुर्खियां

### एयरटेल ने एसके टेलीकॉम से समझौता किया

**नई दिल्ली, भाषा।** दूरसंचार सेवाएं देने वाली कंपनी भारती एयरटेल ने दक्षिण कोरिया की कंपनी एसके टेलीकॉम के साथ रणनीतिक करार की आज घोषणा की। दोनों मिलकर देश में सबसे उन्नत दूरसंचार नेटवर्क तैयार करेंगे।

भारती एयरटेल ने बयान जारी कर कहा कि दोनों कंपनियां 5जी तथा इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के मानकों को सुधारने के लिए भी मिलकर काम करेंगी। वे संयुक्त तौर पर इन प्रौद्योगिकियों को भारत में पेश करने के लिए पारिस्थितिकी तैयार करने पर भी काम करेंगी। भारती एयरटेल के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कहा, इस भागीदारी से भारत में एयरटेल के उपभोक्ताओं को काफी बेहतर अनुभव मिलेगा। उन्हें एक ऐसी कंपनी के अनुभव का लाभ मिलेगा जिसने विश व के सबसे शानदार मोबाइल ब्रॉडबैंड नेटवर्क में से एक तैयार किया है। मित्तल ने कहा कि एयरटेल ने हमेशा अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को भारत लेने की कोशिश की है।

### मुखौटा कंपनियों पर आडिटर जांच के घेरे में

**नई दिल्ली, भाषा।** काला धन छिपाने में ऑडिटरों की भूमिका की जांच के लिए मुखौटा कंपनियों पर कई एजेंसियों ने कड़ी कार्रवाई की नीति अपना ली है। सूत्रों ने बताया कि अवैध लेन-देन में संलिप्तता को लेकर ऑडिटरों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि सूचीबद्ध कंपनियों समेत कई मामले सामने आने के बावजूद आडिटरों द्वारा सतर्क नहीं किए जाने को लेकर उनकी भूमिका की जांच की जा रही है। ये मामले कथित तौर पर वित्तीय ब्योरे में असमानता, नेटवर्थ में भारी गिरावट, कंपनी के समूह या प्रवर्तकों को धन स्थानांतरित करने से संबंधित हैं। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) और अन्य नियामकीय प्राधिकरण मुखौटा कंपनियों की गतिविधियों पर कडी नजर बनाये हुए हैं। सूत्रों ने बताया, नियामकीय एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि इस तरह की अवैध गतिविधियों में ऑडिटरों की क्या भूमिका रही।

### कम नहीं हुए पेट्रोल के दाम

**नई दिल्ली।** पिछले दो महीने में पेट्रोल की कीमत एक बार भी कम नहीं हुई है और यह लगातार बढ़ती हुई तीन साल से ज्यादा के उच्चतम स्तर पर पहुँच गयी है। सरकार ने इस साल 16 जून से देश भर में पेट्रोल-डीजल के दाम रोजाना तय करने शुरू किये थे। इसके पीछे उसका तर्क था कि ग्राहकों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में दाम में आयी कमी का लाभ तत्काल मिल सकेगा। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमतों में वृद्धि होने से तेल विपणन कंपनियाँ तत्काल दाम बढ़ाकर बोझ ग्राहकों पर डाल देंगी और उन्हें नुकसान नहीं होगा।

अक्षय ऊर्जा क्षेत्र

### भारत-अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने की जरूरत

**नई दिल्ली** ■ भाषा

देश में सुचारू बिजली की आपूर्ति सुनिश चित करने के लिये अक्षय ऊर्जा हाइब्रिड परियोजनाएं महत्वपूर्ण हैं और इस क्षेत्र में पूर्ण क्षमता के उपयोग की जरूरत है। अमेरिका-भारत रणनीतिक भागीदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के सचिव नोल्टी थेरिआट ने यह कहा है।

यह एक गैर-लाभकारी मंच है जिसका मुख्यालय वाशिंगटन में है। इसका जोर भारत ओर अमेरिका के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत बनाने पर है। अक्षय ऊर्जा हाइब्रिड से आशय



ऐसी बिजली प्रणाली से है जिसमें अक्षय ऊर्जा और परंपरागत ऊर्जा का एक साथ उपयोग किया जाता है। या इसमें परंपरागत ऊर्जा के साथ अथवा उसके बिना एक से अधिक नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग किया जाता है। थेरिआट ने एक बयान में कहा, बिजली मुद्दों के समाधान को लेकर अक्षय हाइब्रिड परियोजनाएं एक बेहतर समाधान के रूप में उभरी है और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने इस अवसर के उपयोग को लेकर कदम उठाया है। अक्षय ऊर्जा सचिव आनंद कुमार के साथ गोलमेज बैठक के दौरान उन्होंने यह बात कही।

उन्होंने कहा, ये परियोजनाएं अक्षय ऊर्जा से जुडे मुद्दों का समाधान करती हैं। इसके जरिये दो अलग-अलग स्रोतों से बिजली उत्पादन से प्रणाली की विश वसनीयता बढेगी। साथ ही ये एक-दूसरे के पूरक होंगे। थेरिआट ने यह भी कहा कि ये हाइब्रिड परियोजनाएं खासकर दूरदराज के क्षेत्रों में सुचारू बिजली आपूर्ति के लिये बेहतर समाधान साबित हो सकती है। इसीलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम इस क्षेत्र में अमेरिका-भारत संबंधों को बढाने की संभावना तलाशे। बैठक में मानक बिजली खरीद समझौते के महत्व पर भी चर्चा की गयी। यूएसआईएसपीएफ कार्यबल की सदस्य कंपनियों ने निवेश को लेकर एमएनआरई के साथ सहयोग का स्वागत किया।

### प्याज निर्यात में 14 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली, भाषा।** चालू वित्तवर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में देश का प्याज निर्यात 14 प्रतिशत घटकर 9.45 लाख टन रह गया जो पूर्व वित्तवर्ष की समान अवधि में 10.98 लाख टन का हुआ था। समीक्षाधीन अवधि में निर्यात से होने वाली आय 11,621.97 रपये प्रति टन रही। राष्ट्रीय बागवानी शोध एवं विकास फाउंडेशन (एनएचआरडीएफ) के आंकडों के अनुसार वर्ष 2017.18 की अप्रैल से जून की अवधि में निर्यात से कुल 1,098.58 करोड रपये की प्राप्ति हुई और कुल 9.45 लाख टन प्याज का निर्यात किया गया। औसतन हर महीने करीब 2.5 से तीन लाख टन प्याज का निर्यात के लिए लदान होता है। घरेलू बाजार में सट्टेबाजी के कारण प्याज की कीमतों में तेजी है और सरकार इस पर न्यूनतम निर्यात मूल्य लगाकर प्याज के निर्यात पर रोक लगाने के बारे में विचार कर रही है।

### एपल के नए मॉडल 29 सितंबर से उपलब्ध

**नई दिल्ली।** लग्जरी स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी एपल के भारतीय प्रशंसक भी उसके तीनों नए मॉडल आईफोन8, आईफोन8 प्लस और आईफोन दस (एक्स) जल्दी ही खरीद सकेंगे। इनकी कीमतें 64 हजार रुपए से शुरू होंगी। एपल इंडिया ने बयान जारी कर कहा कि अमेरिका एवं अन्य बाजारों में उपलब्ध होने के कुछ ही दिनों बाद तीनों मॉडल यहां भी मिलने लगेंगे। उसने कहा कि आईफोन8 और आईफोन8 प्लस 64 जीबी एवं 256 जीबी के दो संस्करणों में उपलब्ध होंगे। ये मॉडल एपल के आधिकारिक विक्रताओं के पास 29 सितंबर से उपलब्ध होंगे। बी संस्करणों में उपलब्ध होगा। इसकी कीमतें 89000 रुपए से शुरू होंगी और यह तीन नवंबर से बाजार में उपलब्ध होगा।

### राजीव कुमार एसबीआई के निदेशक मंडल में नामित

**नई दिल्ली, भाषा।** हाल में वित्त सेवा सचिव बनाए गए राजीव कुमार को सरकार ने भारतीय स्टेट बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल में नामित किया है। शेयर बाजार को दी जानकारी में बैंक ने बताया कि वह अंजुली छिब दुग्गल का स्थान लेंगे। कुमार तत्काल प्रभाव से बैंक के निदेशक मंडल में निदेशक बन गए हैं।


**बिहार स्पोन्ज आयरन लिमिटेड**

सीआईएन : **L27106JH1982PLC001633**

पंजी. कार्यालय : उमेश नगर, चांडिल जिला सरायकेला खरसावां, झारखंड-832401

ई-मेल : **companysecretary@bsil.org.in** / वेबसाइट : **www.bsil.org.in**

**30 जून, 2017 को समाप्त तिमाही हेतु पृथक्कृत अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण**

(रू. हजारों में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30-06-2017 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30-06-2016 अलेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 11,044 | 5,922 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण मदों से पहले) | (7,322) | (12,201) |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पहले (असाधारण मदों के बाद) | (8,937) | (13,991) |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (असाधारण मदों के बाद) | (8,937) | (13,991) |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) शामिल है] | (8,937) | (13,991) |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 902,054 | 902,054 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रत्येक) (निरंतर और बंद किए गए आपरेषनों के लिए) (वार्शिक नहीं) | | |
| | क. मूल (रू. में) | (0.10) | (0.16) |
| | ख. तनुकृत (रू. में) | (0.10) | (0.16) |

नोट :

उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं अन्य प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए 30 जून, 2017 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणामों कें विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप हैं 30 जून, 2017 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट : www.bsil.org.in पर उपलब्ध हैं

उपरोक्त परिणाम भारतीय लेखा मानक (इंडस्ट्रीज़ एएस) के अनुसार जो कंपनी अधिनियमय, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित है कंपनियों के नियम 3 (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 और कंपनियों (भारतीय लेखा मानकों) (संषोधन नियम), 2016 के साथ पढ़ें

वास्ते बिहार स्पोन्ज आयरन लिमिटेड

हस्ता./-

आर. के. अग्रवाल

(निदेशक)

(डीआईएन : 00298252)

स्थान : नई दिल्ली

तिथि : 13. सितंबर, 2017